दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 192 मुरादाबाद 09 November 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## PM मोदी-राजनाथ सिंह ने लालकृष्ण आडवाणी को दी जन्मदिन की बधाई, घर पहुंचकर जाना हालचाल




भाजपा के सीनियर नेता और मार्गदर्शक मंडल के सदस्य लालकृष्ण आडवाणी का आज जन्मदिन है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दीं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पूर्व डिप्टी पीएम आडवाणी की जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पहुंचे। सिंह ने ट्वीट करके खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदरणीय आडवाणीजी के आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। मैं भगवान से उनके अच्छे स्वास्थ्य और लम्बी आयु की कामना करता हूं। राजनाथ सिंह ने ट्वीट करके कहा, %श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी जी को उनके जन्मदिवस पर ढेरों शुभकामनाएं। उनकी गिनती भारतीय राजनीति की कद्दावर हस्तियों में होती है। देश, समाज और दल की विकास यात्रा में उनका अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करता हूं।

### अमित शाह ने ट्वीट करके आडवाणी को दी बधाई

गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट करके सीनियर लीडर आडवाणी को बधाई दी। उन्होंने कहा, आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आडवाणी जी ने अपने सतत परिश्रम से एक ओर देशभर में संगठन को मजबूत किया तो वहीं दूसरी ओर सरकार में रहते हुए देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं।

### 2014 में आडवाणी नहीं बन पाए PM चेहरा

अगर लालकृष्ण आडवाणी के राजनीतिक सफर की बात करें तो साल 2009 उनके लिए काफी अहम है। 2009 में आडवाणी का एनडीए का पीएम उम्मीदवार बनाया गया था, लेकिन वह चुनावी समर में कामयाब नहीं हो पाए थे। इसके बाद 2014 में उनके स्थान पर नरेंद्र मोदी को पीएम का चेहरा बनाने का फैसला हुआ था। इस तरह वह उपप्रधानमंत्री के पद पर तो रहे, लेकिन कभी पीएम नहीं बन सके।

हालांकि, लालकृष्ण आडवाणी ने कभी खुलकर अपने पीएम न बन पाने के बारे में कोई बात नहीं कही। लेकिन इससे बड़ा एक मलाल उनकी जिंदगी में रहा है, जिसके बारे में 2017 में लालकृष्ण आडवाणी ने खुलकर अपनी बात रखी थी। लालकृष्ण आडवाणी का जन्म अविभाजित भारत में 1927 में सिंध के कराची में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। सिंध के पाकिस्तान में जाने का दर्द बयां करते हुए कहा कि भारत तब तक अधूरा है, जब तक सिंध इसमें शामिल नहीं होता है।

### कम उम्र में ही RSS में शामिल हुए आडवाणी

अविभाजित पाकिस्तान के कराची शहर में 1927 में जन्मे आडवाणी कम उम्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने जनसंघ के लिए काम किया, जहां उन्होंने अपनी संगठनात्मक क्षमताओं के साथ अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। वह 1980 में भाजपा के संस्थापक सदस्यों में रहे और कई दशकों तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ पार्टी का मुख्य चेहरा बने रहे। वाजपेयी सरकार में आडवाणी देश के गृह मंत्री रहे और बाद में उन्हें उपप्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। एक प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में भाजपा को स्थापित करने के लिए उन्होंने 1990 के दशक में राम जन्मभूमि आंदोलन को लेकर रथ यात्रा की । इस घटना को राष्ट्रीय राजनीति में एक युगांतकारी मोड़ के रूप में देखा जाता है जिसके बाद से भाजपा लगातार मजबूत होती चली गई।

## अपनों को नौकरी देने के लिए कर दिया पीएमयू सेल का गठन



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में शिक्षकों की नियुक्ति में गड़बड़ी से लेकर काम कर रहे गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती तक पर सवाल उठ रहे हैं। विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मचारियों का कहना है कि कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने अपने लोगों को भर्ती करने के लिए पीएमयू सेल का ही गठन कर दिया, जिसमें सिर्फ एजेंसी के जरिए लोगों को रखा गया। कर्मचारियों का कहना है कि इस सेल में काम करने वाले अधिकतर कर्मचारी प्रो. पाठक के साथ पहले भी दूसरे विश्वविद्यालय में काम कर चुके हैं। इन्हें निर्धारित मानक से अधिक वेतन भी दिया जा रहा है। प्रो. पाठक के खिलाफ एसटीएफ जांच कर रही है। समस्याओं को लेकर छात्र-छात्राएं पीएमयू सेल का चक्कर काट रहे हैं। इससे पहले अंकतालिकाओं से संबंधित काम विश्वविद्यालय के कर्मचारी करते थे।

हर गाड़ी पर रखी जा रही नजर-सीएसजेएमयू में एसटीएफ का खौफ साफ दिख रहा है। विश्वविद्यालय में प्रवेश करने वाले हर बड़े वाहन पर सुरक्षाकर्मी बारीकी से नजर रख रहे हैं। जैसे ही गाड़ी द्वार पर आती है, चारों ओर के सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो जाते हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लोगों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



कार्तिक पूर्णिमा पर सारे देश की तरह उत्तर प्रदेश में भी गंगा और अन्य पवित्र नदियों के घाटों पर मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख?या में लोगों ने इस मौके पर गंगा में डुबकी लगाई और सुख-समृद्धि? की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा पर तुलसी की पूजा और गंगा स?नान करने का विशेष महत?व बताया गया है। इस मौके पर रुहेलखंड के सुप्रसिद्ध मेला ककोड़ा में ब्रह्ममुहूर्त से गंगा स्नान का सिलसिला जारी है। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। मेला ककोड़ा में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के अलावा एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी आदि से आधी रात तक श्रद्धालु निजी वाहन एवं रोडवेज, प्राइवेट बसों के जरिए मेला पहुंचते रहे। मेला पहुंचे श्रद्धालुओं ने यहां आयोजित सांस्कृतिक एवं लोक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। रात्रि में मेला रंगीन लाइटों से अनोखी छठा बिखेर रहा था। मुख्य दो स्नान घाट को भी सुंदर ढंग से सजाया गया था। ब्रह्ममुहूर्त से श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करना शुरू कर दिया। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित कर चुके हैं। श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद घाट किनारे बैठे जरूरतमंद लोगों के लिए दान पुण्य कर रहे हैं। स्नान के उद्देश्य से मेला गए श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद मेला में खरीदारी कर घर वापस लौट रहे हैं। वहीं परिवार संग रुकने के लिए पहुंचे श्रद्धालु मेला में ही डेरा डाले हुए हैं। डीएम मनोज कुमार ने बताया कि मेला ककोड़ा में ब्रह्ममुहूर्त से गंगा स्नान का सिलसिला शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। गंगा स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था देखने को मिल रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुख्य स्नान घाट के आसपास गंगा में बेरिकेडिंग कराई गई है। किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए जगह-जगह मोटरवोट पर जल पुलिस के अलावा स्थानीय गोताखोर अपनी नाव लेकर तैनात हैं।

### डीएम एसएसपी डाले रहे डेरा

डीएम मनोज कुमार, एसएसपी डॉ. ओपी सिंह, सीडीओ ऋषिराज समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी रात भर मेला में डेरा डाले रहे। इन्होंने मेला का भ्रमण करने के साथ ही मुख्य स्नान घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। जाम में फंसे वाहन, श्रद्धालुओं को दिक्कत- कादरचौक से लेकर मेला तक जगह-जगह जाम की समस्या बनी हुई है। ऐसे में श्रद्धालुओं के वाहन फंस गए हैं, जिसकी वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस द्वारा जाम खुलवाने का प्रयास जारी है। शाहजहांपुर-गए थे गंगा स्नान, जाम गले पड़ गया मिर्जापुर के कोलाघाट पुल पर हजारों लोग रेंग-रेंग कर बाइक से निकल रहे हैं। पुल के दोनों तरफ संकरा रास्ता होने की वजह से लम्बा जाम लग गया है। केवल बाइक वालों को ही आने जाने की अनुमति है। लोग गंगा घाट जा रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बरेली के रामगंगा में भी मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। आधी रात के बाद से ही स्नान पर्व पूरे उल्लास के साथ शुरू हो गया था। लोगों की भारी भीड़ रामगंगा तट पर जुटी। लोगों ने श्रद्धापूर्वक रामगंगा में स्नान किया और तट किनारे पूजन किया। लोगों ने संकल्प लिया और जरूरतमंदों को दान दिया। रामगंगा तट पर मेले जैसा माहौल रहा। सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तट पर तैनात रहे।

# अपर जिलाधिकारी( न्यायिक ) को दी गई भावभीनी विदाई

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित निवर्तमान अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक ) कुंवर पंकज को मुख्य राजस्व अधिकारी व विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज में स्थानान्तरण होने के अवसर पर उनके द्वारा अल्प कार्यकाल में ही जिले में दिये गये अतुलनीय योगदान के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की पहचान उनके



व्यक्तित्व एंव कर्तव्यनिष्ठा से ही जानी जाती है। स्थानान्तरित अपर जिलाधिकारी ने बाढ़ के दौरान जो कार्ययोजना बनाकर व्यवस्थित ढंग से निपटने में अपनी महती भूमिका निभाई है उसे कभी भुलाया नही जा सकता है। इसके अतिरिक्त निवर्तमान अपर जिलाधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 कार्य का दायित्व बखूबी ढंग से निभाकर जिले को प्रदेश में 7वें पायदान पर लाने में भी महती भूमिका निभायी है। इसके अलावा 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती के अवसर पर इनके द्वारा रेडक्रास सोसायटी द्वारा आयोजित हैण्डवाश डे पर एक साथ सामूहिक रूप से 439397 नागरिको द्वारा हाथ धुलकर विश्व रिकार्ड बनाया गया है। जिसमें भी इनका योगदान सराहनीय रहा है। अल्प समय मे ही सौंपे गये सभी कार्यो को इन्होने बाखूबी निभाकर लोकप्रिय अधिकारियें में अपनी पहचान बनायी है। उन्होने कहा कि उन्हें जो भी दायित्व सौंपे जाते थे, वे बाखूबी निभाते थे। प्रधान सहायक सुनील श्रीवास्तव, पूर्ति लिपिक राकेश सिंह, प्रचार सहायक सुनील प्रियदर्शी सहित निर्वाचन, राजस्व, सूचना एवं कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# रामगंगा चौबारी मेले में गंगा स्नान करते हुए युवक की डूबने के कारण हुई मृत्यु



सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रामगंगा चौबारी मेले में गंगा स्नान करते हुए युवक की डूबने के कारण हुई मृत्यु कपिल पुत्र धनु लाल निवासी संजय नगर कार्तिक पूर्णिमा पर अपने निवास संजय नगर से अपने मित्रों के साथ गंगा स्नान करने चौबारी मेला रामगंगा आया था जा प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग करने के बाद नहर के तेज बहाव की वजह से गंगा के डूबने वाले स्थान पर पहुंच गया

जहां पर प्रशासन द्वारा आनन-फानन में गोताखोर की मदद से पिल को बाहर निकाला गया जहां वह मृत पाया गया प्रशासन द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु बरेली भेजा गया

# ब्लाक स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूल भिनगा में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को देखकर सराहना भी की।इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुसार जनपद में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया



जा रहा है। नियमित रूप से खेल खेलने से मानसिक व शारीरिक वृद्धि को प्रोत्साहन मिलता है। ये हमारे शारीरिक व मानसिक संतुलन को बनाए रखता है। खेल एकाग्रता को बढ़ाकर हमारे जीवन को शांतिपूर्ण बनाता है। उन्होने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेल के बारे में भी बताया जाए। और उनके अभिरूचि के अनुसार खेल का अभ्यास कराकर आगे बढ़ाया जाए।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिहरपुररानी अमित कुमार एवं विद्यालय के गुरूजन तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# धनीपुर वार्ड नंबर 36 के मोहल्ला विश्वनाथ पुरम मोहन नगर नगला डालचंद आदि में नगर निगम स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करें - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि नगर निगम को संगठन की तरफ से एक पत्र दिया गया था गांव धनीपुर में वार्ड नंबर 36 में मोहल्ला विश्वनाथपुरम मोहन नगर ठाकुर बस्ती डालचंद नगला मैं स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की गई थी पत्र में साफ लिखा था इन क्षेत्र में अधिकांश मोहल्ले स्ट्रीट लाइट से वंचित है क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट लगनी चाहिए नगर निगम से आश्वासन भी मिला था की लाइट उपलब्ध नहीं है स्टाक आ जाएगा लाइटों का समाधान हो जाएगा लाइटों की व्यवस्था हो जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अपनी तरफ से एक पत्र नगर निगम को लिखा था अपर नगर आयुक्त जो पहले रहे थे अरुण कुमार गुप्ता उस पत्र पर उनके आदेश हो रहे हैं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है नगर निगम को तत्काल व्यवस्था करनी चाहिए स्ट्रीट लाइट लगानी चाहिए और संगठन के आदेश का पालन करना चाहिए भाजापा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को जनता ने बताया है के मोहल्लों में अधिकांश गलियों में स्ट्रीट लाइट न होने के कारण रात्रि के समय अंधेरा रहता है चोर उचक्के का डर रहता है स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करा दीजिए जिससे कि लोगों को स्ट्रीट लाइट का फायदा मिल सके भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इस संबंध में एक पत्र कमिंग कमिश्नर को दिया जाएगा एक पत्र डीएम को दिया जाएगा और एक पत्र रिमाइंडर तौर पर नगर निगम को दिया जाएगा स्ट्रीट लाइट की अति शीघ्र व्यवस्था करें नगर निगम समस्या का समाधान तभी संभव है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# ईंटें भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ - हरदुआगंज। खेड़ा खुर्द निवासी गुड्डु ( 21 ) पुत्र राकेश बड़े भाई को साधू आश्रम से बुलाने बाइक से जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्रोला ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया, जिसमें गुड्डु गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रोला छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने परिजनों और पुलिस को सूचना देकर घायल को अस्पताल भिजवाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रोला और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है।

# दीवानी न्यायालय मे पराग मिल्क पार्लर बूथ का उद्घाटन




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पराग मिल्क पार्लर बूथ का उद्घाटन पदम सेन चौधरी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा के द्वारा फीता काट कर किया गया इस मौके पर संजय कैराती पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, ओंकारनाथ पटेल ,राम उजागर पटेल ,आदि लोग मौके पर उपस्थित रहे । पदम सेन चौधरी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया । कि दीवानी में मिल्क पार्लर बूथ स्थापित होने से दूध से निर्मित सभी सामान मिलेंगी जो शुद्ध और सही होंगी दीवानी मे आने वाले आगंतुक सुचारू रूप से शुद्ध सामान का उपयोग कर सकेंगे सेहत मन्द है और बाहर से आने वाले आगंतुक को दूध उत्पाद मिलेंगे और व स्वास्थ्यवर्धक भी होंगे सरकार के निर्देशन पर दुग्ध उत्पादक का उप दुग्ध शाला अधिकारी अनुज कुमार यादव व मार्केटिंग इंस्पेक्टर जय प्रकाश श्रीवास्तव ने न्यायालय परिसर में आस्थापित करवाया है । जो हर व्यक्ति आ सकता है ,और उन्हे खाने से कोई इंफेक्शन नहीं होगा व सामान स्वास्थ्यवर्धक होंगे।

# युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में चालान कर जेल भेजा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- हरदुआगंज थाना क्षेत्र के गांव सफेदपुरा में जन्मदिन की पार्टी में हर्ष फायरिंग कर रहे युवक का वीडियो वायरल होने पर मामले को पुलिस हरकत में आ गई। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में चालान कर जेल भेज दिया थाना क्षेत्र के गांव सफेदपुरा में जन्मदिन की पार्टी में फायरिंग करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजपाल सिंह के नेतृत्व में सोशल मीडिया पर तमंचे से फायरिंग करना वायरल वीडियों में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उक्त व्यक्ति का नाम पता चलने के बाद उसके पकड़ने में पुलिस जुट गई। मुखबिर की सूचना पर युवक को पकड़ लिया। वायरल वीडियो में प्रयुक्त तमंचा मय एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कलाई गांव को जाने वाले मोड़ से युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा व्यक्ति का नाम महिपाल सिंह पुत्र भगवती प्रसाद निवासी सफेदपुरा थाना हरदुआगंज है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कार्तिक पूर्णिमा पर रामगंगा तीरे लाखों ने की पूजा-अर्चना





मुरादाबाद-मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पर इस बार कोरोना काल के बाद पहली बार बड़ी संख्या में गंगा तीरे लगे मेले में श्रद्धालु पहुंचे। कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को सुरजन नगर, जयनगर, लालापुर पीपलसाना, दौलतपुर तिगरी और गक्खरपुर में मेले का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। रामगंगा के घांटों पर सोमवार रात से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सोमवार शाम को तमाम श्रद्धालुओं ने पूर्वजों की याद में दीपदान किया। मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं की भीड़ मेले में जुटनी शुरू हुई। दोपहर तक सुरजन नगर जयनगर में मेला खचाखच भर गया। श्रद्धालुओं ने राम गंगा किनारे पहुंचकर पूजा-अर्चना की और नदी में कद्दू, नारियल, चावल दाल की खिचड़ी शादी पूजा की सामग्री अर्पित की। इस बार नदी का जलस्तर काफी बढ़ा होने की वजह से स्वयंसेवक काफी बड़ी संख्या में नदी के घाट पर रसिया बांधकर तैनात खड़े हो गए थे। उन्होंने नदी में पूजा अर्चना के दौरान सावधानी बरतने की अपील करते हुए श्रद्धालुओं को केवल नदी के किनारे ही बैठकर पूजा-अर्चना करने की सलाह दी। श्रद्धालुओं ने डुबकी न लगाकर बर्तन में जल लेकर डुबकी लगाने की परंपरा का निर्वहन किया। श्रद्धालुओं ने मेले में लगे स्टालों से श्रंगार सामग्री, खिलौने खरीदे और खेल तमाशा का आनंद लेने के साथ ही फास्ट फूड पकौड़ी जलेबी आदि का सेवन किया। मेले में कोतवाली पुलिस कोतवाल विजेंद्र सिंह और बिजनौर जनपद के अफजलगढ़ के कोतवाल मनोज कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल व्यवस्था संभाले था। भाजपाइयों ने की निशुल्क सेवा- ठाकुरद्वारा। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान और वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने मेले में शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को दवाइयां और खाद्य सामग्री का वितरण किया। ग्राम प्रधान ने किया विशेष प्रबंध- ठाकुरद्वारा। जयनगर के प्रधान विपिन कुमार मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खड़ंजा लगवाने के साथ ही अस्थाई पुल ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कराकर बनवा दिया जिससे श्रद्धालुओं को गंगा नदी के तट तक पहुंचने में कोई भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

# भोजपुर पुलिस ने घर में भैंस का कटान करते तीन को पकड़ा




मुरादाबाद-मुरादाबाद के भोजपुर थानाक्षेत्र के मोहल्ला जामा मस्जिद में मंगलवार सुबह एसआई अफजाल अहमद ने पुलिस बल के साथ मांस व्यापारी के घेर में छापेमारी कर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुलिस को मौके से तीन कटी भैंस और दो जीवित, दो कटड़े बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम तंजीम कुरैशी पुत्र हारून, शाहबेज पुत्र हनीफ एवं मुन्ना कुरैशी पुत्र जरीफ निवासी मोहल्ला जामा मस्जिद बताया। पुलिस ने मौके से मांस काटने में प्रयुक्त 3 कुल्हाड़ी, चार छुरी, लकड़ी का गुटका, रस्सी एवं इलेक्ट्रानिक्स कांटा बरामद कर सील कर दिया।

पुलिस ने बरामद मांस की पशु चिकित्साधिकारी से जांच कराई तो उन्होंने मांस के भैंस का होने की पुष्टि की। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज करके थाने से ही जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# सुरजननगर में रामगंगा के तट पर मेले में उमड़ी भीड़



मुरादाबाद-मुरादाबाद के सुरजननगर में कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक देव की जयंती के उपलक्ष्य में सुरजन नगर के गांव जयनगर स्थित रामगंगा नदी पर मेले का आयोजन किया गया। जहां आसपास के लगभग दो दर्जन गांवों के लोग पहुंचे। इस दौरान लोगों ने रामगंगा में आस्था की डुबकी लगाकर प्रसाद बांटा। जयनगर के युवाओं की कमेटी ने मेले में व्यवस्था को बनाए रखा। मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर सुरजननगर स्थित रामगंगा के तट पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सुरजन नगर, जयनगर, जटपुरा, महावतपुर, शेरगढ़, बल्लमगढ़, रामपुर घोगर, दुल्हापुर, बलिया, बल्लमगढ़, नाजर पट्टी, बंदे वाली मड़ैया, लालापुर, पीपलसाना, कनकपुर, पीपली, गुलाब नगर, खैरुल्लाह पुर आदि गांवों से आए हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने भागीदारी की। राम गंगा के किनारे सभी श्रद्धालुओं ने अनेक हवन कुंड बनाकर पहले गंगा मैया की पूजा अर्चना की उसके उपरांत प्रसाद की भेंट की। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा मैया में डुबकी लगाकर सूर्य देव को मंत्रोच्चारण के साथ जल अर्पित किया। मेले की व्यवस्था को शांतिपूर्वक करने के लिए जयनगर के युवाओं द्वारा बनाई गई मेला कमेटी नहीं पूरी व्यवस्था को बनाया। रामगंगा के तट पर मंगलवार को सैकड़ों परिवारों ने नवजात शिशुओं का मुंडन कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा मैया के जयकारे लगाए और आरती में भी भाग लिया। इसके साथ ही यहां पर मेले में कई कुम्हारों ने मिट्टी से निर्मित बर्तन जैसे घड़ा, कुंडा, सुराही, प्याले, हांडी आदि की बिक्री के लिए अपनी-अपनी दुकानें सजा रखीं थीं। आदि की दुकानों पर भारी भीड़ नजर आई।

# भरत चरित्र में त्याग, संयम, धैर्य और ईश्वर प्रेम का मिलता है उदाहरण

तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-बबुरी- स्थानीय क्षेत्र के बौरी ग्राम सभा में मानस प्रचार सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम कथा अमृत के आठवें दिन स्वर कोकिला मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी के द्वारा अयोध्या कांड के माध्यम से भरत के चरित्र का वर्णन बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रसंग को सुनकर सभी श्रोतागण भाव विह्वल हो गये। कथावाचिका ने अपने प्रवचन के दौरान बताया कि बनवास के दौरान श्रीराम भक्त केवट से मिलने के बाद चित्रकूट में विश्राम कर रहे थे। जबकि उनके पिता दशरथ उनका चिंतन कर अपने प्राण को त्याग दिया। ऐसी स्थिति में भरत को उनके नौनिहाल से बुलाकर उनका दाह संस्कार कराया गया। जिसको लेकर भरत के मन में अपनी माता के प्रति रोष उत्पन्न हो गया और उन्होंने पूछा कि श्रीराम का क्या अपराध था, जो आपने उन्हें इतना कठोर दंड दिया। भरत ने राजगद्दी संभालने की बजाय उसे ठुकरा कर प्रभु प्रेम को स्वीकार किया। भरत का यही गुण उनके चरित्र को श्रेष्ठ बनाया। उन्होंने समाज के सामने यह मिशाल रखी कि हमें भौतिकवाद का त्याग कर श्रेष्ठता प्राप्त करनी चाहिए। भागने वाले को शांति व सुख कभी भी प्राप्त नहीं होगा। अतः यह आवश्यक है कि सभी लोग श्रीराम के जीवन को अपनायें व अपने जीवन को सार्थक बनावें। सबसे पहले मैं भारत के चरणों को प्रणाम करता हूं, जिनका विनय और व्रत वर्णन नहीं किया जा सकता है। भरत जी का यह नियम और व्रत किसी सांसारिक चीज को पाने के लिए नहीं था । वह स्वर्ग या मोक्ष के लिए भी एकांत साधना नहीं कर रहे थे। उनके जीवन का एक लक्ष्य था- राम चरन पंकज मन जासू। लुबुध मधुप इव तजइ न पासू।। कथा वाचिका ने बताया कि भरत का मन राम के चरण कमलों में भौंरे की तरह लुभाया हुआ है। कभी उनका पास नहीं छोड़ता , यही भरत जी के जीवन का सनातन सत्य है। इसी को पाने के लिए भरत तपस्वी बने थे , उनका मन राम के पास रहने में सुख का अनुभव करता था।वही इस मार्मिक प्रसंग को सुनकर रामकथा में उपस्थित मानस प्रेमी भाव विभोर हो गए और पूरी सभा राममय हो गई ।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Reservation for savarnas

The Supreme Court has also given its approval for giving reservation to the poor upper castes and with this the change in the overall official form of reservation will start again. However, this important decision has been taken by the Supreme Court with a majority. Three justices were in favor of this arrangement, while Chief Justice U U Lalit and Justice S Ravindra voted against the reservation, terming it illegal and discriminatory. After this decision, which came with a majority by a five-judge bench, the upper caste poor will continue to get 10 percent reservation. Till now there was doubt whether the poor upper castes should get reservation or not, because the system of reservation was made for the scheduled castes, tribes and other backward castes. Parliament had enacted a law to provide reservation to the Economically Backward (EWS) in 2019 through the 103rd Constitutional Amendment. This decision of the government was challenged in the Supreme Court, on which the decision has now come and its wider socio-political impact will also be seen in different states. Obviously, when Parliament has made a law, it is not easy to challenge that law. Yet the opinion of the two justices has been opposite, it is indeed an indication that the issue of reservation for the poor upper castes will continue to be hot in the days to come.

Can reservation remove dissatisfaction? Can the growing demand for reservation be rejected? In the same judgment, Justice Pardiwala has said, there is a need to consider how long reservation is necessary? He also said that reservation is not the ultimate solution to remove inequality. This is just a start. Meaning the question of reservation is very broad and we should proceed considering its advantages and disadvantages. If we can benefit those who are really deprived even among the backward castes, tribes and poor upper castes, then nothing is better than this. There is still a large number of underprivileged in our country, who need help. Governments should try at their level that it is more important than giving reservation on paper to any class, to reach the needy of that class, but is this happening?

Politics has also intensified on this important decision of the Supreme Court. While most political parties have welcomed the decision, some intellectuals from the Dalit community have an unfavorable voice. Where is the resentment and why? In fact, the Supreme Court has earlier refused to increase the reservation from 50 percent. When it comes to giving more reservation to the OBC category, the upper limit of 50 per cent in Indira Sawhney case is cited, but when 10 per cent reservation will be given to the poor upper castes, then the reservation limit will reach 60 per cent. Will go It simply means, the reservation limit of 50 per cent has no practical meaning anymore. In such a situation, one must think about giving more reservation to other backward castes or OBCs in proportion to the population. Political parties have to ensure that the message does not go to any backward caste or society that poor upper castes started getting reservation, but we did not.

# Malaika Arora started walking strangely wearing a jumpsuit, people said - broken waist bone

Malaika Arora started walking strangely wearing a jumpsuit, people said - Broken waist - Actress and model Malaika Arora, apart from her pictures with Arjun Kapoor, often remains in limelight for her looks, fitness and dressing sense. Malaika is known for her fitness routine and bold fashion sense more than her work. Recently a video of this model actress has surfaced, for which she is being trolled a lot. But this time he is being trolled for something more than his tricks. A video of Malaika Arora has been posted on the Instagram page named Malaika-Viral Bhayani, who was trolled for the pose. It can be seen in the video that Malaika is wearing a peach color jumpsuit and she is being trolled in this dress. This time Malaika is being narrated for her walking posture as well as for her walking posture. -Is Malaika's back bone broken?- In this video, Malaika is walking with her hips out a bit. Seeing Malaika walking like this, some users have started scolding her again. He says that she looks pregnant. So at the same time some say that her back bone is broken and that's why she is walking properly. His walking posture seems to be impaired due to this one reason. Another user has commented on his clothes. He wrote, 'Sister, buy clothes, what is the use of being so rich.'



# Jhanvi Kapoor does not take social media seriously, told why she looks so glamorous on Instagram?

Janhvi Kapoor spoke openly in an interview about playing very middle class characters in films along with maintaining a glowing image on social media. It is known that Janhvi Kapoor's image on social media is very glamorous, whereas in films these days she is playing very middle class and down to earth type characters. The actress was asked if it doesn't create a kind of contradiction? Jhanvi is seen in the opposite image-Janhvi Kapoor said that people often tell her that the films she is doing have a certain beat, while her social media image is just the opposite. Jhanvi Kapoor said- He tells me that if people keep seeing me in that kind of getup, then they will not give special response to such characters of mine in films. Jhanvi is confusing people? - Jhanvi Kapoor told that she is just saving herself from being too calculative. She said that I may be confusing people by first appearing in Manish Malhotra's sari and then in a plain kurta, but this is my job. This is my art. The actress told that she wants to look very real and authentic in each of her characters. 'Does not take social media seriously' although she is not in real life as she appears in any character. That's what it is like to be an actor. Jhanvi Kapoor said that she does not want to take social media too seriously. He made this account just for fun. Maybe if he looks cute then 5 more people will like his photo, sign him some other brand and he can pay some extra EMI.



## अज्ञात वाहन ने बाइक पर सवार मां पिता पुत्री को रौंदा,मां बेटी की मौके पर ही हुई दर्दनाक मौत, पिता हालत गंभीर




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अज्ञात वाहन ने बाइक पर सवार मां पिता पुत्री को रौंदा,मां बेटी की मौके पर ही हुई दर्दनाक मौत, पिता हालत गंभीर। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस। घायल पिता को कराया मेडिकल कॉलेज में भर्ती,घायल पिता का मेडिकल कॉलेज में चल रहा है उपचार। बाइक पर सवार मृतक मां बेटी और पिता निधौली कला के पास से मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे अपने गांव को गोकुनी। बाइक सवार मां पुत्री पिता तीनों थाना मारहरा के गांव गोकुनी के हैं रहने वाले। एटा - थाना पिलुआ क्षेत्र के गांव गुलाबपुर के पास की घटना।

## एटा में भूमि अधिग्रहण को लेकर हंगामा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आजादी के 75 साल से कछुआ गति से दौड़ती एटा की रेल की याद भले सरकार को आई लेकिन बिना मुआबजा दिये भूमि अधिग्रहण से किसानों में आक्रोश पनप उठा और वो सामने आ गये । बताते हैं कि बिना मुआवजा दिए भूमि अधिग्रहण किये जाने सम्बन्धी तमाम आरोप किसानों ने प्रशासन पर लगाते हुये जमकर हंगामा किया और गर्मागर्मी के साथ किसान महिलाएं जेसीबी के सामने लेट गयी । बरहाल बबाल की सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुच गये न काहुँ से दोस्ती न काहुँ से बैर, निष्पक्ष खबर पारदर्शी पत्रकारिता की सोच से परिपूर्ण

# दवा लेने गई बालिका से पशु अस्पताल में 'पशुता

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दवाई लेने जा रही बालिका के साथ एक युवक ने बंद पड़े पशु चिकित्सालय में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कर किया। पेट में दर्द होने पर मां को घटना के बारे में जानकारी हुई तो आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए महिला जिला अस्पताल भेजा। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थाना पिलुआ के एक गांव निवासी मां ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बेटी कक्षा पांच की छात्रा है। एक नवंबर की दोपहर को बेटी के सिर में दर्द होने पर दवाई लेने जा रही थी। मां का आरोप है कि तभी आरोपी भोला निवासी भदवास आया और बेटी को पकड़कर बंद पड़े पशु चिकित्सालय ले गया। बालिका ने विरोध किया तो तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए इस मामले का किसी से जिक्र करने से मना कर दिया। इससे पीड़िता दहशत में आ गई लेकिन उसने घरवालों को घटना की जानकारी नहीं दी। रविवार रात को जब बेटी के पेट में दर्द उठा। दर्द होने पर मां ने बेटी से पूछा। इस पर घबराई बेटी ने पूरी हकीकत बता दी। बेटी से घटना की हकीकत सुनने के बाद घरवालों के होश उड़ गए। बेटी को लेकर थाना पिलुआ पहुंची। मां ने आरोपी के विरूद्ध तहरीर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ दिनेश कुमार का कहना है कि बेटी को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपी की तलाश में दविश दी जा रही है।

घरवालों को पीटा, पीड़िता के साथ छेड़खानी एटा। थाना अलीगंज के एक गांव निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 25 अक्तूबर को आरोपी आलोक निवासी भरापुरा सहित सात आरोपियों ने घरवालों को पीटा। छेड़खानी का भी आरोप है। थाना आते समय रास्ते में रोकने का भी प्रयास किया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मंडी के खाद केंद्रों पर दिनभर आकर लौटते रहे किसान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-गल्ला मंडी स्थित इफको किसान सेवा केंद्र के अलावा साधन सहाकरी खाद भंडार पर सुबह से शाम तक डीएपी लेने के लिए किसान आते रहे लेकिन दोनों ही केंद्रों पर डीएपी न होने से उन्हे लौटते देखा गया। इफको किसान सेवा केंद्र पर यूरिया का स्टॉक होने से कुछ किसान यूरिया ही लेकर जाते रहे। वहीं शीतलपुर स्थित कृभको खाद केंद्र, अलीगंज तिराहा स्थित क्षेत्रीय सहाकारी समिति एवं बली मोहम्मद चौराहा स्थित इफको केंद्र पर ताले पड़े होने से किसान लौटते देखे गए। एटा-जिले की सभी 68 सहकारी समितियों सहित कुल 90 खाद वितरण केंद्र में से किसी भी केंद्र पर वर्तमान में डीएपी उपलब्ध नहीं है। इस कारण किसान डीएपी के लिए प्रतिदिन खाद केंद्रों के चक्कर काट रहे है। जबकि संबंधित विभागों के अधिकारी किसानों को गुमराह कर रहे है। फसल बुवाई के लिए परेशान किसान महंगे दामों में प्राइवेट डीएपी खरीद रहे है। जिससे उनका फसल बजट बिगड़ रहा है। जैसा कि सभी को पता है कि देहात क्षेत्रों की सहाकारी समितियों एवं केंद्रों पर बीते 21 अक्तूबर के बाद से अब तक डीएपी वितरण नहीं किया गया है। वहीं मुख्यालय स्थित जिन चुनिंदा केंद्रों पर डीएपी का वितरण हो रहा था। उन पर भी बीते पांच दिन से डीएपी का स्टॉक खत्म हो जाने से इन केंद्रों पर भी डीएपी नहीं मिल रही है। इसके चलते किसान प्रतिदिन आकर वापस लौट रहे हैं। केंद्रों पर आने वाले किसानों को केंद्र संचालक प्रतिदिन आज कल खाद आने की बात कर टहला रहे हैं। किसानों को सच नहीं बताया जा रहा है कि खाद वास्तव को में किस दिन से वितरण होना शुरु हो जाएगी। केंद्र प्रभारियों एवं कोआपरेटिव अधिकारियों के अलावा कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को डीएपी आने का कोई निर्धारित समय नहीं बता रहे है। इसके कारण किसान प्रतिदिन खाद केंद्रों के चक्कर काट कर परेशान हो रहे है। लिए प्रतिदिन खाद केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। केंद्र प्रभारी रोजाना आज कल कर टहला रहे हैं। देहात क्षेत्रों के खाद केंद्रों पर 21 अक्तूबर के बाद से अब तक डीएपी का वितरण नहीं किया गया है। इसके कारण शहर के केंद्रों पर चक्कर काट रहे है। किसानों को खाद आने के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। जयवीर सिंह, गांव कंगरौल एटा। पिछले पांच दिनों से शहर के खाद केंद्रों पर डीएपी नहीं है। कृषि एवं कोऑपरेटिव अधिकारी सहित केंद्र प्रभारी रोजाना किसानों को कल खाद आ जाएगी की बात कर टहला रहे है। कोई सच नहीं बता रहा है। किसान परेशान होकर प्राइवेट डीएपी खरीद रहे है। जो कि 16 सौ से 18 सौ रुपये के बीच मिल रही है। लल्लू सिंह, सकीट

# एसटीएफ व थाना सिगरा पुलिस में 20000 के इनमिया को किया गिरफ्तार



तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश द्वारा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एवं पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निदेशन व सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के पर्यवेक्षण में एसटीएफ व सिगरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित वांछित अभियुक्त अरुण पुत्र चंदन सरोज चंदुवा चित्तूपुर को रोडवेज बस स्टैंड के बाहर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। इस संदर्भ में एसीपी चेतगंज शिवा सिंह ने बताया कि विगत 12 अक्टूबर को जयप्रकाश नगर कॉलोनी अंतर्गत शराब पीकर हंगामा करने पर लोगों के द्वारा मना करने पर अभी तक द्वारा रूद्रेश कुमार सिंह के पिता पशुपतिनाथ सिंह को रमाशंकर द्वाराबलाठी डंडा और रॉड से जानलेवा हमला कर दिया था जिसमें वादी की पिता की मृत्यु हो गई तथा भाई घायल हो गए। वादी की तहरीर पर थाना सिगरा में अभियोग पंजीकृत विवेचना प्रभारी निरीक्षक द्वारा संपादित किया जा रहा था अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक सिगरा राजू सिंह,उप निरीक्षक मोहम्मद आरिफ,आदित्य सिंह,हेड कांस्टेबल, धनंजय हेड कांस्टेबल रामसिंह एसटीएफ यूनिट से उप निरीक्षक प्रदीप सिंह हेड कांस्टेबल सुशील सिंह हेड कांस्टेबल राकेश कमांडो संजीव कुमार रहे।।

# सरकारी राशन ठेकेदारों की दबंगई के आगे राशन डीलर नतमस्तक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद के सभी कॉन्ट्रेक्टर मैसर्स रविन्द्र सिंह( पॉली ), मैसर्स माँ काली ट्रांसपोर्ट, मैसर्स उर्मिला देवी एंड संस और मैसर्स हिमांशु कॉन्ट्रेक्टर को दुकान तक खाद्यान पहुंचाने का मिला है कॉन्ट्रेक्ट। ऊँचे रसूख के चलते दुकान तक राशन नहीं पहुंचा रहा दबँग ठेकेदार पॉली। जलेसर ठेकेदार मैसर्स हिमांशु डीलरों को सड़क से ही खाद्यान ले जाने की कह रहा। दबंग ठेकेदार मैसर्स रविन्द्र सिंह( पॉली ) राशन डीलरों से करता है गाली गलौज। राशन डीलरों द्वारा गाली गलौज का बिरोध करने पर दुकान खत्म कराने की देता है धमकी। ले जाना है तो यहीं से ले जाओ राशन, नहीं लेना मत लो- मैसर्स हिमांशु आधा दर्जन से अधिक राशन डीलरों नें जिला पूर्ति अधिकारी से की शिकायत। मैसर्स रविंद्र सिंह पर डीएसओ नें जताई नाराजगी, घर तक राशन पहुंचाने की दी चेतावनी। ऊँचे रसूख के चलते मैसर्स रविन्द्र सिंह ( पॉली ) को मिला है कॉन्ट्रेक बीते दिनों पूर्व पूर्ति निरीक्षक योगेंद्र यादव द्वारा दबंग ठेकेदार पॉली को दिया जा चुका है नोटिस- सूत्र।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुपूर्णिमा के पर्व पर अस्पताल में किया फल वितरण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज मेडिकल कॉलेज एटा पर पहुच कर कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सन्तोष गौतम के भाई आलोक गौतम का बुधवार को एक्सिटेंट हो गया उनका पहुच कर हाल चाल जाना और गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज एटा के सर्जिकल वार्ड ,इमरजेंसी वार्ड ,वर्न बार्ड, एनआरसी वार्ड में पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किए और मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की इस अवसर पर अमर जेंसी विभाग के चिकित्सको ने फल वितरण में सहयोग किया। इस अवसर विनीत पारासर बाल्मीकी शहर अध्यक्ष ,मोम्मद इरफान एडवोकेट सदस्य पीसीसी,ठाकुर अनिल सोलंकी सदस्य पीसीसी,सुभाष सागर पूर्व सभासद ,मुकेश बघेल ,विकास गौतम,अन्त प्रताप सिंह ,रामानंद सागर आदि

# देव दीपावली पर काशी में टूटे भीड़ के सभी रिकॉर्ड, गंगा किनारे की हर गली, हर सड़क रही जाम



वाराणसी के सबसे बड़े आयोजनों में शुमार हो चुका देव दीपावली का पर्व हर साल नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। इस साल काशी में भीड़ ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। अस्सी से राजघाट तक गंगा की ओर जाने वाली कोई भी गली, सड़क खाली नहीं थी। दोपहर में जहां 3:00 बजे दशाश्वमेध की ओर जाने के मार्ग बंद करने पड़े थे वही रात 8:00 बजते बजते घाटों की ओर जाने वाले सभी रास्तों से लोगों को लौटाया जाने लगा। राजघाट की ओर जाने वाले रास्तों पर हजारों की संख्या में लोग रात 8:00 बजे के बाद इस उम्मीद में खड़े रहे कि रास्ता खुलेगा और उन्हें जाने की छूट मिल जाएगी। कई कई किलोमीटर तक लोग पैदल ही परिवार वालों के साथ पहुंचते रहे। शिवाला पर तीन से चार घंटे फंसे रहे लोग-भीड़ के कारण लोगों को दुर्व्यवस्था का सामना भी करना पड़ा। घाटों को जाने वाली गलियां शाम 6 बजे से लेकर देर रात तक जाम की चपेट में रहीं। दुर्व्यवस्था का आलम यह था कि सड़क तक निकलने वाली कुछ गलियों में कोई भी सुरक्षाकर्मी तक तैनात नहीं था। सबसे ज्यादा फजीहत महिलाओं, युवतियों, बच्चों व बुजुर्गों की हुई। शिवाला घाट व चेतसिंह घाट जाने वाले लोग 3 से 4 घण्टे तक जाम की चपेट में फंसे रहे। भीड़ का आलम यह था कि लोगों की जान सांसत में अटकी रही। कुछ लोगों ने पुलिस अधिकारियों को फोन कर सुरक्षा की गुहार लगाई लेकिन नतीजा शून्य रहा। देर रात तक गलियों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। सुरक्षा व्यवस्था घाट किनारे ही नजर आई। गलियों में सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पॉइंट छोड़ कर नदारद रहे।अस्सी पर सबसे अधिक दिखा दबाव- देव दीपावली देखने वालों की उमड़ी भीड़ ने यातायात व्यवस्था बिगाड़ कर रख दिया। अस्सी घाट पर गंगा आरती देखने पहुंची भीड़ का दबाव अधिक बढ़ते ही अफरातफरी जैसा माहौल बन गया। भीड़ के बीच घाट किनारे मंदिर और चबूतरे पर भीड़ उमड़ पड़ी। माताएं अपने बच्चों के साथ भीड़ से बाहर निकलने के लिए परेशान हुईं।बढ़ती भीड़ के कारण पुलिस व्यवस्था फेल हो गई। अस्सी घाट से नगवा, रविदास घाट, नगवा चौराहा से लंका जाने वाले मार्ग पर पैर रखने की जगह नहीं बची। भीड़ के दबाव से लोग धक्कामुक्की करते हुए चलते रहे। अस्सी लंका से मुख्य मार्ग से संपर्क मार्ग और गलियों में जगह नहीं बची।

### रात 12 बजे शाम सात बजे जैसा नजारा

देव दीपावली देखकर जब शहरी लोग लौटने लगे तो कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने के लिए ग्रामीण इलाके के लोगों की भीड़ घाटों की ओर जाती दिखाई दी। हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर ही देव दीपावली मनाई जाती है। चंद्रग्रहण के कारण इस बार पहला मौका था जब एक दिन पहले देव दीपावली मनाई गई। चंद्र ग्रहण के कारण सोमवार को दोपहर बाद पूर्णिमा तिथि लगने पर काशी में देव दीपावली का उत्सव मनाया गया। एक तरफ से भीड़ घाट से अपने घरों की ओर लौट रही थी ठीक इसी समय कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने वालों की भीड़ गंगा घाटों की ओर बढ़ रही थी। शहर के लोग दीए जलाकर और सांस्कृतिक उत्सव का आनंद ले कर लौट रहे थे तो ग्रामीण क्षेत्रों से आई आस्थावानों की भीड़ सारी रात गंगा के किनारे बिताने के लिए बढ़ रही थी। ऐसे में रात के 12:00 बजे भी गोदौलिया चौराहे पर नजारा शाम के 7:00 बजे जैसा ही था।

### दूसरे दिन भी सड़कों पर रेला

कार्तिक पूर्णिमा और चंद्रग्रहण के कारण देव दीपावली के बाद भी काशी की सड़कों पर लोगों का रेला दिखाई दिया। मंगलवार की शाम यहां के सबसे प्रमुख घाट दशाश्वमेध और राजेंद्र प्रसाद घाट जाने वाले मार्ग पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी। घाट पर स्नान करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

# एफ आई आर दर्ज कराने हेतु एन एस यू आइ के कार्यकर्ताओं ने ओड़गी थाना प्रभारी के नाम सौंपा ज्ञापन

रामचन्द्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ओड़गी- जिले के ब्लॉक ओड़गी के ह्स्डू कार्यकर्ताओं के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के सह-प्रभारी नितिन नवीन द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति अनावरण एवं छत्तीसगढ़ीयावाद के अपमान के विरोध में स्न्द्धक्र दर्ज करने हेतु थाना प्रभारी ओड़गी के नाम ज्ञापन सौंपा गया।सूरजपुर एन एस यू आइ जिला अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी ,ओड़गी छात्र नेता विभव सिंह गुर्जर के निर्देश पर थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की गई। ह्स्डू ओड़गी की गर्ल्स कार्यकर्ता सविता पंडों ने बताया कि बीते दिनों बिहार के पूर्व मंत्री एवं भाजपा छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी नितिन नवीन द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं छत्तीगढिया वाद के विषय मे विवादित बयान दिया गया था जिसके विरोध में थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है और तत्काल कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन सौपने में ह्स्डू ओड़गी के कार्यकर्ता कुमारी सविता पंडों, शाहिद अंसारी, कपिल यादव आदि लोग शामिल रहें।

# झाड़ फूंक के नाम पर तांत्रिक ने युवती के साथ की दरिंदगी, युवती की हालत गंभीर



उत्तर प्रदेश के बहराइच में झाड़ फूंक करने के नाम पर तांत्रिक द्वारा युवती का रेप करने का मामला सामने आया है। युवती की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। आरोप है कि मामला दबाने के कारण उसे बहराइच से लखनऊ रेफर करा दिया गया है। वहीं मंगलवार को जब ये मामला तूल पकड़ा तो पुलिस ने तांत्रिक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। ये मामला देहात कोतवाली क्षेत्र का है। चीनी मिल में फोर मैन के पद पर तैनात एक व्यक्ति एक साल पहले रिटायर हुआ। जिसके बाद वह परिवार सहित किराए के मकान में रहने लगे। बाजार में ही लाल महाराज उर्फ राम प्रकाश पाठक तांत्रिका का काम करता है। रिटायर्ड फोरमेन की 26 साल की बेटी लंबे समय से बीमार थी। कुछ लोगों के कहने पर युवती तांत्रिक के पास झाड़फूंक करवाती थी। सोमवार को भी तांत्रिक के कहने पर युवती उसे पाक गयी। इसके बाद तांत्रिक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। जब देर तक युवती घर नहीं आयी तो खोजबीन की। युवती की हालात गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों के मुताबिक युवती के आंतरिक हिस्सों पर चोट लगी है। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानांजय सिंह ने बताया कि युवती के मां के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले दी जांच शुरू कर दी गयी है। वहीं तांत्रिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# मुख्तार अंसारी की संपत्तियों का खुलासा करेंगे मामा-भांजा? ईडी के शिकंजे में माफिया का बेटा और साला

मुख्तार अंसारी के परिवार पर ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। पहले विधायक बेटे अब्बास अंसारी को गिरफ्तार किया गया और अब गाजीपुर से साले आतिफ उर्फ शरजिल को। बताया जा रहा है कि प्रयागराज स्थित प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर में ईडी विधायक अब्बास और आतिफ रजा का आमना-सामना करा सकती है। ईडी को आतिफ की भी सात दिन की कस्टडी रिमांड मिल गई है। अब मामा-भांजे को साथ बैठाकर माफिया की काली कमाई की कुंडली खंगाली जाएगी। मुख्तार के खिलाफ दर्ज मनी लांड्रिंग के केस में पूरे परिवार को ईडी ने बयान के लिए बुलाया था। अब्बास को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की गई। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से ही फर्जीवाड़ा करके



करोड़ों का खेल हुआ है। इस कंपनी के अलावा अब्बास के निजी खातों में मामा और नाना की कंपनी से लाखों रुपये जमा किए गए हैं। इस केस में ईडी को अब्बास के मामा आतिफ रजा की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है। इसी कारण ईडी ने सोमवार को आतिफ के जेल से रिहा होते ही गिरफ्तार कर लिया। विकास कंस्ट्रक्शन के नाम से 13 करोड़ रुपये सरकार से लिए गए। इसमें न केवल मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शां अंसारी बल्कि आतिफ रजा और उसके भाई का नाम भी शामिल है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक अब्बास अंसारी ने जांच में ईडी का सहयोग नहीं किया है। लिहाजा ईडी अब दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर सकती है।

### पूर्वांचल के एक सांसद के खाते से भी लेनदेन

माफिया मुख्तार अंसारी का बेटा विधायक अब्बास अंसारी की कंपनी और निजी बैंक खातों से हुए करोड़ों के लेनदेन की जांच में कई तथ्य बाहर आ रहे हैं। दस्तावेजों की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम को अब्बास की कंपनी से बड़े बिल्डरों के साथ ही कुछ सफेदपोश माफियाओं के जुड़ाव की जानकारी मिली है। पूर्वांचल के एक सांसद के बैंक खाते से भी लाखों रुपये की लेनदेन की बात सामने आई है। ईडी की टीम इन तथ्यों की पड़ताल में जुटी है। संदिग्धों को भी समन भेजकर बयान के लिए प्रयागराज स्थित ईडी दफ्तर बुलाने की तैयारी चल रही है। ईडी के विधिक सलाहकार वेदांग मिश्र की मदद से ईडी ने विधायक अब्बास अंसारी को बीते शनिवार को कस्टडी रिमांड पर लिया था। 12 नंवबर की दोपहर तक विधायक से पूछताछ की जाएगी। पिछले तीन दिन में अब्बास से कई सवाल पूछे जा चुके हैं। अब तक दस बैंक खातों की पड़ताल हो चुकी है। विकास कंस्ट्रक्शन, अंसारी और आगाज कंस्ट्रक्शन के आपसी लेनदेन के बारे में सवाल किए गए हैं। पता चला कि पूर्वांचल के एक सांसद से भी लाखों रुपयों की लेनदेन की गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com